हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 18 अगस्त 2026


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


14 विधायक संदीप साहू ने पीएमश्री स्कूल में किया...





16 तिल्दा-नेवरा में निखरा तीजा उत्सव का रंग






# सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने गांव-गांव पहुंचेगी प्रशासन की टीम

## 31 योजनाओं से शतप्रतिशत हितग्राही होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत योजनाओं के संतृप्तिकरण हेतु जिले के सभी ग्राम पंचायतों मे आगामी 20 अगस्त से शिविर लगाया जायेगा। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। जिले में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर शिविर आयोजन हेतु तैयारी की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत, क्लस्टर एवं जिला स्तर पर शिविर हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं, शिविर की जानकारी के लिये कोटवार से मुनादी कराएं। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त से 20 सितम्बर तक आयोजित होने वाले शिविर में लगभग 17 विभागों द्वारा संचालित 31 योजनाओं का संतृप्तिकरण किया जाएगा, इसके लिये छूटे हुए हितग्राहियों के डाटा अनुसार सभी को लाभान्वित करने योजना बनाएं।शिविर आयोजन हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिये प्रभारी अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाए। इसके साथ ही ऑनलाइन पोर्टल में डाटा प्रविष्टि एवं शिविर की मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रुम स्थापित करें। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि


शेष पेज 11 पर




### प्रशासन गांव-गांव में लगायेगा विशेष शिविर

प्रशासन गांव-गांव में विशेष शिविर लगाएगा और मौके पर ही पात्र लोगों के आवेदन स्वीकार कर उन्हें जोड़ेगा। छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी द्वारा एक रियल-टाइम सुघ्घर छत्तीसगढ़ डैशबोर्ड बनाया गया है, जिससे पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक इसकी लगातार निगरानी की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 47 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**भटगांव**। पुलिस ने सबरिया डेरा सलोनीकला के बनाऊ के घर छापामार कार्रवाई करते हुए 47 महुआ शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत 9400 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### बीईओ कार्यालय में मनाई गई नागपंचमी



**बलौदाबाजार**। कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नाग पंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर पर्व की परंपराओं का निर्वहन किया और आपसी सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे कार्यालय में उत्साह और सकारात्मकता का माहौल रहा। पूजा-अर्चना और आयोजन के पश्चात, सभी उपस्थित कर्मचारियों के बीच प्रसाद स्वरूप मिठाइयों का वितरण किया गया। सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर नाग पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर कर्मचारियों ने साझा किया कि कार्यस्थल पर ऐसे पारंपरिक त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने से न केवल आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ता है, बल्कि मानसिक तनाव दूर होकर नई ऊर्जा और उत्साह का भी संचार होता है। इस आयोजन में कार्यालय के समस्त स्टॉफ की सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

### नाग पंचमी का पर्व मनाया गया



**खरोरा**। पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में नाग पंचमी मनाया गया। साल के वरिष्ठ शिक्षक विशेषर वर्मा ने छात्र और छात्राओं को बताया कि इस वर्ष नाग पंचमी और पवन सावन के दुर्लभ सोमवार के संयुक्त सहयोग ने इस वर्ष के आध्यात्मिक औरसंस्कृत महत्व को और अधिक बढ़ावा दिया। साल के शिक्षक चरित्र ध्रुव एवं संजय बंछोर ने संयुक्त रूप से बच्चों को बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति में प्रकृति के हर घटक और जीव जंतुके प्रति आदरभाव सिखाता है।

### पूर्व माध्यमिक शाला में नाग पंचमी मनाई गई



**खरोरा**। पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में नाग पंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं मैडम भारती तांती ने विद्यार्थियों को नाग पंचमी के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि नाग पंचमी हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है, जो श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। भारतीय परंपरा में नागों को प्रकृति और पर्यावरण के महत्वपूर्ण जीव के रूप में सम्मान दिया जाता है तथा इस दिन नाग देवता की पूजा कर सुख-समृद्धि एवं सुरक्षा की कामना की जाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्व से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**शहरवासियों ने प्रशासनिक अनदेखी पर उठाये सवाल**

# डिवाइडर की कटिंग से टकराई कार को दूसरे ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार









शहर के प्रमुख मार्गों पर बने डिवाइडरों और उनकी अनियोजित कटिंग्स को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सोमवार को बलौदाबाजार-लवन मार्ग पर एक बार फिर सड़क हादसा हो गया। दुर्गा कैरियर के पास दो कारों की भिड़ंत में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। राहत की बात रही कि हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

बताया जा रहा है कि एक कार डिवाइडर की कटिंग से दूसरी ओर जा रही थी, इसी दौरान लवन मार्ग की ओर से आ रही दूसरी कार से उसकी टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।

यह दुर्घटना शहर में डिवाइडर की कटिंग को लेकर पहले से उठ रहे सवालों को और गंभीर बनाती है। इससे पहले रायपुर रोड पर भारत पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर की कटिंग के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया था, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हुआ था। वहीं कोतवाली थाना के सामने डिवाइडर के पास स्कूल बस और कार की टक्कर तथा गार्डन चौक पर डिवाइडर पार करते समय दो कारों की भिड़ंत की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भाटापारा रोड, रायपुर रोड, लवन रोड और शहर के अन्य प्रमुख मार्गों पर डिवाइडरों में बनाई गई कई कटिंग दुर्घटना संभावित स्थल बन चुकी हैं। इन स्थानों पर वाहन चालकों को अचानक सामने आने वाले वाहनों का अंदाजा नहीं लग पाता, जिसके चलते आए दिन टक्कर की घटनाएं सामने आ रही हैं।

शहरवासियों का कहना है कि डिवाइडर और उनकी कटिंग का निर्धारण वाहन दबाव, सड़क की चौड़ाई, यातायात प्रवाह, दृश्यता और दुर्घटना के आंकड़ों का वैज्ञानिक अध्ययन करने के बाद किया जाना चाहिए। इसके बावजूद यदि कटिंग मनमाने तरीके से बनाई या छोड़ी जाती हैं तो यातायात सुधार की बजाय वे स्वयं दुर्घटना का कारण बन सकती हैं।

लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद डिवाइडरों की कटिंग को लेकर प्रभावी सुधार नहीं होना प्रशासन और यातायात व्यवस्था की गंभीरता पर सवाल खड़े कर रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर के सभी प्रमुख मार्गों पर बने डिवाइडरों और उनकी कटिंग्स का तत्काल तकनीकी एवं यातायात सुरक्षा ऑडिट कराया जाए।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का सर कटा शव



**अर्जुनी**। भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी के मल्दी मार्ग स्थित रेलवे ट्रैक पर 15 अगस्त की देर रात एक युवक का संदिग्ध सर कटा शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही भाटापारा ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को लेकर पीएम के लिए भाटापारा भेजा गया। मृतक की पहचान दीनदयाल रजक उम्र करीब 28 वर्ष बजरंग चौक अर्जुनी निवासी के रूप में किया गया। 16 अगस्त को पीएम के उपरांत परिजनों को शव को सुपुर्द किया गया। युवक रेलवे की ट्रैक पर कैसे पहुंचा और वह ट्रेन की चपेट में कैसे आया फिलहाल घटना को आत्महत्या के नजरिया से देखा जा रहा है।

# किसान से दिनदहाड़े 20 हजार की लूट, सीसीटीवी से पकड़ा गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



सिटी कोतवाली पुलिस ने सब्जी बाजार में बुजुर्ग किसान से दिनदहाड़े 20 हजार की झपटमारी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर की। आरोपी के कब्जे से झपटमारी की रकम में से 2,200 रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 23 जून को रसेड़ी निवासी 60 वर्षीय धरम ध्रुव ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि जिला सहकारी कृषि मर्यादित बैंक, बलौदाबाजार से 21 हजार निकालकर वह सब्जी बाजार पहुंचा था। एक हजार रुपए जेब में रखने के बाद शेष 20 हजार रुपए 500-500 रुपए के नोटों में कपड़े के थैले में बैंक पासबुक के साथ रखा था। दोपहर करीब 12.15 बजे सब्जी खरीदते समय एक अज्ञात व्यक्ति झपट्टा मारकर थैले से 20 हजार रुपए निकालकर फरार हो गया।

रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध व्यक्ति थैला लेकर भागता दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर उसकी तलाश की जा रही थी।

### झपटमारी की रकम बरामद

17 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि सीसीटीवी में दिख रहा संदिग्ध भाटापारा में देखा गया है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सुखऊ 35 पिता स्व. खिलावन सांवरा, निवासी मुंशी ईस्माईल वार्ड भाटापारा को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने झपटमारी की वारदात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि रकम का कुछ हिस्सा शराब और खाने-पीने में खर्च कर दिया, जबकि शेष राशि झोपड़ी में छिपाकर रखा था। उसकी निशानदेही पर 2,200 रुपए बरामद किए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

## बाजार में सजीं राखियों की दुकानें नई वैरायटी की खरीदी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन



रक्षाबंधन का त्यौहार नजदीक आते ही हिरमी नगर के बाजारों में खासी चहल-पहल और रौनक देखने को मिल रही है। त्यौहार को लेकर विशेषकर बच्चों में भारी उत्साह है। शहर के मुख्य बाजारों में तरह-तरह की राखियों की दुकानें सज चुकी हैं, जहां खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि इस साल राखियों की मांग में जबर्दस्त उछाल आया है और ग्राहक नई-नई वैरायटी को काफी पसंद कर रहे हैं। बाजार की मुख्य विशेषताएं और नई वैरायटी बाजार में बच्चों के लिए स्पाइडर-मैन, डोरेमोन, छोटा भीम और एवेंजर्स जैसे लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां उपलब्ध हैं। इसके अलावा म्यूजिकल और एलईडी लाइट वाली राखियां बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बड़े-बुजुर्गों और युवाओं के लिए कुंदन, जरी, मोती, ब्रेसलेट और धातु (मेटल) से बनी राखियों की विशाल रेंज बाजार में मौजूद है। पर्यावरण के


शेष पेज 11 पर


## जोशी राम रोजगार सहायक संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचन



**गोपालपुर**। रोजगार सहायक संघ के जिला स्तरीय निर्वाचन में जोशी राम खुंटे को सर्वसम्मति से निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया। जिले के सारंगढ़, बरमकेला, बिलाईगढ़ एवं कोसीर सहित विभिन्न विकासखंडों से पहुंचे सैकड़ों रोजगार सहायकों की मौजूदगी में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित रोजगार सहायकों ने जोशी राम खुंटे का फूल-मालाओं से स्वागत किया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने रोजगार सहायकों की समस्याओं के समाधान, अधिकारों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी साथियों को साथ लेकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने नए नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए संगठन की एकता एवं मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# जरूरतमंदों तक न्याय पहुंचाने में पैरा लीगल वालंटियर्स की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- वालंटियर्स को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष विनीता वार्नर के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में पैरा लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पीएलवी को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक और सक्षम बनाकर आम नागरिकों तक निःशुल्क विधिक सहायता की पहुंच को प्रभावी बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान पीएलवी को बताया गया कि उनका प्रमुख दायित्व गरीब, कमजोर और जरूरतमंद लोगों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देना तथा आवश्यकतानुसार उन्हें संबंधित विधिक सेवा संस्थाओं तक पहुंचाना है। पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा की जानकारी देने और आवेदन में सहयोग करने के साथ ही सरकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

पीएलवी को महिला, बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगों सहित कमजोर वर्गों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने, पुलिस थाना, जेल, अस्पताल और आश्रय


शेष पेज 11 पर


**बुनकर प्रशिक्षण कार्यशाला का नपाध्यक्ष अशोक जैन ने किया शुभारंभ**

# समग्र हाथकरघा विकास योजना से 20 महिलाएं बनेंगी स्वावलंबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



ग्रामोद्योग संचालनालय, हाथकरघा प्रभाग की स्वीकृति के तहत स्थानीय देवांगन समाज भवन में नवीन कपड़ा बुनाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने पूजा-अर्चना कर किया। प्रशिक्षण का आयोजन समग्र हाथकरघा विकास योजना के अंतर्गत किया जा रहा है।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष अशोक जैन ने प्रशिक्षण के लिए चयनित महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं को हर कार्य में दक्ष बनाकर उन्हें स्वावलंबी बनाना शासन की मंशा है। उन्होंने कहा कि परिवार के संचालन के लिए केवल शासकीय नौकरी ही जरूरी नहीं है, बल्कि स्वयं का रोजगार भी महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और जीवन में आगे बढ़ने का माध्यम बन सकता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं अपने हुनर के माध्यम से आय अर्जित कर परिवार के भरण-पोषण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी।

प्रशिक्षण के दौरान सूती धागों से कपड़ा बुनाई की विभिन्न विधियों के साथ मशीन संचालन तथा कलात्मक बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में 20 महिलाएं चार माह तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को कौशल विकास के साथ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु ने प्रशिक्षण योजना की सराहना करते हुए महिलाओं से पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया। संतोष यादव ने भी कार्यशाला को महिलाओं के उत्थान और आर्थिक प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

कार्यक्रम में सहायक संचालक, जिला हाथकरघा अनिल सोनकर ने मुख्य अतिथि अशोक जैन का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वरिष्ठ समाज सेवक संतोष यदु ने भी अतिथियों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, पार्षद प्रतिनिधि रवि फेकर, किरण कुमार वर्मा, कमलेश्वर यादव, अभय राम यादव, संतोष कुमार यादव, प्रधानजी, संतोष साहू, दुजराम यादव अधिवक्ता, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य नागरिक, प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थी महिलाएं उपस्थित थीं।

# दस लाख में बनेगा आदिवासी समाज का भवन : इन्द्र साव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

ग्राम परसाडीह में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव में मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव शामिल हुए। ग्राम आगमन पर आदिवासी समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों द्वारा गाजे- बाजे के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने आदिवासी समाज की वर्षों पुरानी और बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सामुदायिक भवन का विधि-विधान से भूमिपूजन कर आधारशिला रखी। कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव ने कहा, आदिवासी समाज की जल, जंगल, जमीन और अपनी अनूठी संस्कृति को बचाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज का विकास ही हमारी मुख्य प्राथमिकता है। यह सामुदायिक भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, बैठकों


शेष पेज 11 पर
















संकलनकर्ता- शंकर सिंह राजपूत, मो.- 9826123186

परमेश्वर वर्मा, मो.- 7987665508

## खबर संक्षेप



### दानेश्वर महादेव मंदिर में प्रसाद वितरण

**हिरमी रावन।** सावन मास के तीसरे सोमवार पर ग्राम मोहरा स्थित दानेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का माहौल रहा। भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शिवभक्त मंदिर परिसर में पहुंचे और भगवान दानेश्वर महादेव के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान शिव का पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। सावन के पावन महीने में प्रत्येक सोमवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। तीसरे सोमवार को आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। इस अवसर पर उपस्थित शिवभक्तों ने धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

### कक्षा 9वीं की 68 छात्राओं को सायकल का वितरण

**महासमुंद।** निः शुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के कक्षा 9वीं की 68 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं विशिष्ट अतिथि नपाउपाध्यक्ष देवीचंद राठी, रमेश साहू, हरबंश सिंह ढिल्लो, गोविंद ठाकुर, अमित साहू, दिनेश रूपरेला, सीता टोंडेकर, राहुल आवड़े, मीना वर्मा, जितेंद्र ध्रुव, तारा चंद्राकर रहे।

**सावन सोमवार :** नंदी महाराज पर विराजमान भगवान शिव-पार्वती की जीवंत झांकी ने मोहा मन

# शिवरीनारायण में निकली विशाल शाही कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में सावन पर भगवान भोलेनाथ की भक्ति और सनातन संस्कृति की भव्य झलक देखने को मिली। नगर में आयोजित विशाल शाही कांवड़ यात्रा में हजारों की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। बाबाघाट से जल भरकर निकली कांवड़ यात्रा में भक्ति,आस्था और उत्साह का ऐसा संगम देखने को मिला कि पूरा नगर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा।

**बाबा घाट से शुरू हुई कांवड़ यात्रा:** विशाल कांवड़ यात्रा का शुभारंभ बाबा घाट से जल भरकर किया गया। श्रद्धालु कांवड़ में पवित्र जल लेकर बाजे-गाजे और डीजे की धुन के साथ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था और भक्ति दिखाई दी। बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी कांवड़ यात्रा का हिस्सा बने।

**डीजे और धुमाल की धुन पर झूमे शिवभक्त:** कांवड़ यात्रा में डीजे और धुमाल की गूंज ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। शिवभक्त भगवान भोलेनाथ के भजनों और धार्मिक गीतों पर जमकर झूमते नजर आए। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव के जयकारे लगाए गए। हर-हर महादेव, बम-बम भोले और भारत माता की जय जैसे जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान रहा।

**आतिशबाजी ने बढ़ाया आकर्षण :** शाही कांवड़ यात्रा के दौरान धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में जमकर आतिशबाजी भी की गई। आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी का नजारा श्रद्धालुओं और नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कांवड़ यात्रा के स्वागत और उत्साह में नगर का वातावरण पूरी तरह उत्सवमय नजर आया।

यात्रा में शामिल विभिन्न झांकियों और आकर्षक प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान खींचा। विशेष रूप से आर्टिफिशियल गोरिल्ला और टेड्डी वियर बच्चों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। बच्चे इन झांकियों को देखकर काफी उत्साहित नजर आए और परिवार के साथ यात्रा का आनंद लेते दिखाई दिए।

शाही कांवड़ यात्रा का विशेष आकर्षण नंदी महाराज पर विराजमान भगवान शिव और माता पार्वती की जीवंत झांकी रही। भगवान शिव-पार्वती के स्वरूप में कलाकारों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। लोगों ने झांकी के दर्शन कर भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

**रात्रि करीब 10 बजे खरौद पहुंची विशाल कांवड़ यात्रा:** नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए रात करीब 10 बजे खरौद पहुंची। यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सनातन परंपरा और सामाजिक एकजुटता की झलक दिखाई दी।सनातन संस्कृति और आस्था का दिखा अद्भुत संगमशाही कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं,बल्कि सनातन संस्कृति और परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम भी बनी। भगवान शिव के प्रति श्रद्धा सामूहिक भक्ति धार्मिक झांकियों और जयघोष के बीच युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्गों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। शिवरीनारायण की पावन धरती पर निकली इस विशाल कांवड़ यात्रा ने नगर में भक्ति और उत्साह का ऐसा वातावरण बनाया, जिसकी गूंज देर रात तक सुनाई देती रही।









### जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने की सहभागिता

शाही कांवड़ यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, शिवरीनारायण भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला,नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत,अंकुर गोयल,संदीप अग्रवाल, बिल्लू अग्रवाल,आकाश यादव,ललित कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सहभागिता ने आयोजन को और भव्य स्वरूप प्रदान किया।

### इन मार्गों से होकर गुजरी कांवड़ यात्रा

बाबा घाट से प्रारंभ हुई विशाल कांवड़ यात्रा रपटा रोड, अंबेडकर चौक, बांबे मार्केट, नटराज चौक और शबरी चौक होते हुए आगे बढ़ी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का स्वागत किया। यात्रा के दौरान नगर का माहौल पूरी तरह शिवमय दिखाई दिया।

## सावन सोमवार पर शिवरतन ने मां मावली देवी और महादेव की पूजा की



**भाटापारा।** भाजपा वरिष्ठ नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सावन माह के तृतीय सोमवार को सिंगारपुर में मां मावली देवी और महादेव की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की और सिंगारपुर से धूमनाथ महादेव मंदिर, रामपुर तक कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया।

इस दौरान सभी कांवड़ यात्री शिवरतन शर्मा के साथ उनकी इस यात्रा में सहभागी बने हैं। यह यात्रा सिंगारपुर, सेम्हराडीह, निपनिया, भोथीडीह, खपरी, सिलवा,पथरिया, पासीद होकर रामपुर पहुंची, जहां मार्ग पर ग्रामवासियों ने यात्रा पर पुष्प वर्षा की।

शिवरतन शर्मा ने प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के संकल्प यात्रा में सहभागी बनें सभी कांवड़ यात्रियों, भक्तजनों और विधानसभा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस यात्रा में शामिल सभी का उत्साह एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और विश्वास एक नई उर्जा देने वाला है। कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है।

इस अवसर पर राकेश तिवारी, अश्वनी शर्मा, सुनील यदु, श्रीकांत जायसवाल, अविनाश शर्मा, मथुरा यदु, पवन वर्मा , भोला वर्मा, राजेश पटेल, खुमान वर्मा, सुरेश वर्मा, ठाकुर राम साहू, देवक साहू, राजा कामनानी, जीवन वर्मा, मनोज महाराज, चेतन वर्मा, धनीराम साहू, प्यारे रजक, दिनेश वर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, बृजेश निषाद, टिक्की वर्मा, आशीष टोडर, पीयूष साहू, सतीश साहू, सुरेंद्र डागोर, संदीप वर्मा, पीलू वर्मा, मालिक राम साहू सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सोमनाथ शिवलिंग में जलाभिषेक कर लौटे दर्जनों कांवरियां



**हिरमी रावन।** ग्राम भालेसुर में शिवभक्ति और आस्था का अनूठा नजारा देखने को मिला। गांव से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित सोमनाथ शिवलिंग में जलाभिषेक करने गए दर्जनों कांवरिया श्रद्धालु वापस लौटे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भक्तों का बाजे-गाजे के साथ स्वागत एवं सम्मान किया। कांवरियों के गांव पहुंचने पर ग्राम पंचायत भालेसुर के सरपंच नवीन कुमार वर्मा ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उन्हें श्रीफल भेंट किया और भगवान भोलेनाथ से सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान कांवरियों के साथ ग्रामीणों ने भी हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवरियों ने बताया कि सावन माह में भगवान शिव के प्रति आस्था और श्रद्धा के साथ वे पैदल यात्रा कर सोमनाथ शिवलिंग पहुंचे थे। वहां विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र एवं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके बाद सभी श्रद्धालु वापस गांव लौटे। स्वागत के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शिवभक्त मौजूद रहे। कांवरियों की इस धार्मिक यात्रा से गांव में उत्साह का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने कहा कि सावन माह में इस तरह की धार्मिक यात्राएं युवाओं और समाज को अपनी संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करती हैं। कांवरियों के स्वागत के दौरान ढोल-नगाड़ों और जयघोष से पूरा भालेसुर गांव शिवमय नजर आया।


# सोमनाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

सावन के दूसरे सोमवार पर तिल्दा-नेवरा शहर सहित आसपास के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रसिद्ध लखना सोमनाथ धाम में हजारों की संख्या में कांवड़िए और श्रद्धालु पहुंचे। शिवनाथ और खारून नदी के पवित्र संगम तट पर स्थित दिव्य शिवलिंग पर श्रद्धालुओं ने पवित्र जल अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

सोमवार को जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों के जत्थे रविवार रात से ही तिल्दा से सोमनाथ की ओर रवाना होने लगे थे। पूरी रात मार्ग में 'बोल बम', 'हर-हर महादेव' और 'ओम नमः शिवाय' के जयकारे गूंजते रहे। सोमवार सुबह तक हजारों कांवड़िए सोमनाथ पहुंच चुके थे। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले संगम स्थल पर आस्था की डुबकी लगाई और इसके बाद नदी से पवित्र जल भरकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

कांवड़ियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा सामग्री लेकर भी सोमनाथ पहुंचे। लोगों ने बेलपत्र, फूल, धतूरा, भांग, दूध, दही, शहद, फल और अन्य पूजन सामग्री से भगवान भोलेनाथ की पूजा की। कई श्रद्धालुओं ने परिवार के साथ भगवान शिव का अभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।







### शिव भक्तों ने लगाया बोल बम का नारा, लक्ष्मणेश्वर मंदिर में किया जलाभिषेक



**मुंडा।** सावन माह के तीसरे सोमवार को शिवरीनारायण स्थित खरौद के प्रसिद्ध शिव मंदिर लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए मुंडा से बड़ी संख्या में शिवभक्तों द्वारा एक दिन पहले रविवार की सुबह से ही नंगे पांव बोल बम के नारे लगाते हुए निकल पड़े।

बोलबम के कांवरियों शिव भक्तों में भगवान शिव के प्रति धार्मिक आस्था और विश्वास का अद्भुत नजारा देखने को मिला जब रविवार की सुबह हुई झमाझम बारिश भी शिव भक्तों को खरौद के प्रसिद्ध शिव मंदिर में जलाभिषेक करने से नहीं रोक सके। झमाझम बारिश के बीच भीगते हुए नंगे पांव शिव भक्तों के द्वारा बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है जैसे कई अनगिनत नारे लगाते रहे। जिससे पूरा मार्ग भगवान शिव के नारो से गूंजता रहा। मुंडा से बड़ी संख्या में गए बोल बम का जत्था रविवार रात्रि शिवरीनारायण मंदिर में विश्राम करने के बाद सोमवार को खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर में पूरी आस्था के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक करने गए बोल बम के जत्था में मुंडा के उपसरपंच प्रतिनिधि मनीराम वर्मा, कुबेर वर्मा, रम्मूलाल वर्मा, भानुप्रताप वर्मा, कमलेश वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, छोटा वर्मा, शिव वर्मा, देवेंद्र वर्मा, महेंद्र रजक, राजू वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, गोपाल वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, अनुराग वर्मा, चंद्रकांत, करन वर्मा, मुरली वर्मा, कृष्णकुमार वर्मा, थानेश्वर रजक, कुलेश्वर रजक, चितराखन वर्मा, रंजीत वर्मा, विकास वर्मा, गौतम वर्मा, देव वर्मा शाहिद सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए।

## पेज 9 के शेष

### सरकारी योजनाओं का ...

अभियान के लिये जिला नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत रहेंगे तथा उनकी निगरानी में सभी तैयारी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सचेत किया कि डाटा एंट्री या हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही होने पर कार्यवाही के लिये जिला अधिकारी जिम्मेदार होंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पऱ सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और रोजगार से जुड़ी 31 योजनाएं शामिल हैं।

### बाजार में सजी ...

प्रति जागरूक लोग इस बार पौधे वाले बीज (सीड राखियां) और हैंडमेड धागों से बनी राखियों को तरजीह दे रहे हैं। लोग सामान्य धागों के बजाय फैंसी और यूनिक राखियों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। बिक्री बहुत अच्छी हो रही है और ग्राहकों का रिस्पॉन्स भी शानदार है। त्यौहार के इस माहौल ने हिरमी नगर के बाजारों को उत्सव के रंगों से सराबोर कर दिया है।

### जरूरतमंदों तक न्याय ...

गृह जैसे स्थानों पर जरूरतमंद लोगों की विधिक सहायता संबंधी समस्याओं की पहचान करने तथा अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में उचित विधिक सेवा संस्था तक पहुंचाने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में लोक अदालत, मध्यस्थता और समझौते के माध्यम से विवादों के समाधान के लिए लोगों को जागरूक करने तथा कानूनी जागरूकता शिविरों में सहयोग करने की जिम्मेदारी भी समझाई गई। पीएलवी को स्पष्ट किया गया कि वे स्वयं किसी मामले में कानूनी राय या न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में पैरवी नहीं कर सकते, जब तक कि वे विधि के अनुसार अधिकृत अधिवक्ता न हों। कार्यक्रम में राजस्व, पुलिस एवं विधि विभाग के अधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने विभागीय जानकारी साझा करते हुए पीएलवी को उनके दायित्वों के निर्वहन के लिए मार्गदर्शन दिया। अधिकारियों ने समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक विधिक सहायता पहुंचाने के लिए उन्हें प्रेरित किया। प्रशिक्षण में प्राप्त शिकायतों और किए गए कार्यों का रिकॉर्ड संबंधित विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में निःशुल्क विधिक सहायता और न्याय की पहुंच को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पीएलवी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया।

### दस लाख में ...

और सांस्कृतिक आयोजनों का एक मजबूत केंद्र बनेगा। समाज के प्रमुखों ने सामुदायिक भवन की सौगात देने के लिए विधायक इन्द्र साव का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से थानुराम नेताम, रामेश्वर लहरी सरपंच, आधारसिंह ध्रुव, भोजाराम ध्रुव, समेलाल ध्रुव, गौकर्ण ध्रुव, खिलावन साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।
























संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.: 9300688639, 7000171605










संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.: 9300688639, 7000171605

## खबर संक्षेप





### श्रीबालाजी दरबार में पार्थिव अभिषेक

**खरोरा।** श्रीबालाजी दरबार में पार्थिव अभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान शिव की आराधना की और पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधानपूर्वक पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। इसके पश्चात 11 बजे पार्थिव शिवलिंग का पूजन एवं अभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और भगवान शिव के जयकारों से पूरा दरबार भक्तिमय हो उठा। पूजन-अभिषेक के बाद दोपहर 2 बजे पार्थिव शिवलिंगों का विसर्जन किया गया। विसर्जन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भोग एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

## हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस, विद्यार्थियों ने दीं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

# विधायक संदीप साहू ने पीएमश्री स्कूल में किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





नगर में स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। नगर के सभी विद्यालयों, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों में निर्धारित समय पर ध्वजारोहण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कसडोल विधायक संदीप साहू ने सर्वप्रथम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात उन्होंने पीएमश्री स्वामी आत्मानंद गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कसडोल में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। इस दौरान विधायक ने विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान में सहभागिता की।अपने संबोधन में विधायक संदीप साहू ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी। आज विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे शिक्षा प्राप्त कर देश के विकास और निर्माण में अपना योगदान दें।

# आजादी के जश्न में शान से लहराया तिरंगा



**भटगांव।** नगर एवं क्षेत्र में आजादी का प्रतीक तिरंगा शान से लहराया गया। सुबह से ही देशभक्ति के गीत व नारे गुंजने लगे थे। अंचल में सभी शासकीय व निजी शैक्षणिक संस्थानों एवं शासकीय भवनों कार्यालय के साथ ही निजी प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराया गया। व्यवहार न्यायालय में न्यायाधीश के हाथों राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार द्वारा नगर पंचायत कार्यालय व प्रेम भुवन प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और लोटस पब्लिक स्कूल में नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया गया। पेंशनर समाजिक भवन कार्यालय मे नगर उपाध्याय प्रदीप देवांगन, विवेकानंद पब्लिक स्कूल मे वार्ड 3 के पार्षद दुर्गेश्वरी रामा हिरवानी, शासकीय कन्या स्कूल मे शाला विकास समिति के अध्यक्ष राकेश पटेल एवं कैरियर पाइंट नेशनल स्कूल में तहसीलदार कमलेश सिदार द्वारा ध्वजरोहण किया गया।

वहीं नगर के सहकारी केन्द्रीय बैंक मे ब्रांच मैनेजर द्वारा, क़ृषि उपज मंडी, दिशा पब्लिक स्कूल रोहिना मे सरपंच सुदर्शन सिंह एवं मोहन साहू द्वारा, सांई मंदिर चौक, जेपी पब्लिक स्कूल बेलटिकरी मे सरपंच व जनपद सदस्य व डायरेक्टर के करकमलों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। प्रज्ञा इंस्टिट्यूट एवं प्रखर कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर भटगांव मे भी स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जहां इंस्टिट्यूट के बच्चो ने कार्यक्रम मे बढ़ चढ़कर हिस्सा और अमर शहीदों के याद मे वृक्षारोपण किया गया। वहीं इस अवसर पर नगर के सभी स्कूलों के बच्चों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर भव्य रैलियां निकाली गई। सुबह से ही नगर के गली मुहल्लों में देशभक्ति के गीत व नारों से गुंजने लगे थे। देश के स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के बलिदान को याद किया गया। राष्ट्र की एकता, अखंडता और देश के विकास के प्रति निष्ठा की शपथ ली गई। स्वतंत्रता दिवस पर नगर में तिरंगा फहराने और जश्न के माहौल का अलग ही नजारा देखने को मिला, जहां नगर के प्रतिनिधिगण एवं पत्रकार साथियों ने विभिन्न संस्थानों के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाया और बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के प्रति जागरूक करते हुए

# भाजपा कार्यालय में मना स्वतंत्रता दिवस



**कसडोल।** भाजपा मंडल कसडोल में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्याम बाई साहू ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजकुमार जायसवाल, मंडल महामंत्री द्वय राजू साहू, अनिल श्रीवास, एल्डरमैन शीला वर्मा, गोटिलाल साहू, राजेंद्र श्रीवास, सरिता जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राजेश साहू, रविकांत बंजारे, शनि यादव, अजय श्रीवास, प्रदीप पाठक, रघुवद्र राव, चंद्र प्रकाश, असीम मिश्रा, सेवक साहू, धनंजय साहू, भानु जायसवाल, कविता साहू, नीलिमा यादव एवं रोशन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हमाल कल्याण संघ ने किया ध्वजारोहण



**कसडोल।** मजदूर हमाल कल्याण संघ कसडोल द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के संरक्षक राजेश कन्नौजे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर हमाल संघ के श्याम लाल साहू, मनु कैवर्त्य, जवाहर मानिकपुरी, परदेशी चौहान, मनोज बंजारे, कृष्णा बंजारे, गुमान पैकरा, बंसी सहित प्रबुद्ध नागरिक घनश्याम साहू, डायमंड टेलर एवं अमन दवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के प्रति समर्पण और देशहित में निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत संगोष्ठी में गूंजा राष्ट्रीय एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा




स्वतंत्रता दिवस पर युवा विचार संस्थान द्वारा विधायक भवन खरोरा में एक भारत-श्रेष्ठ भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में राष्ट्रीय मुस्लिम मंच, गौ-सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद फ़ैज़ खान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वहीं जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल एवं युवा विचार संस्थान के संरक्षक राजीव अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य वक्ता मोहम्मद फ़ैज़ खान ने सामाजिक समरसता, सामाजिक सद्भाव, भारतीय संस्कृति, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही विविधता देश को विश्व में विशिष्ट पहचान प्रदान करती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सभी को जाति, धर्म, भाषा एवं क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्होंने भारतीय संस्कृति के मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए युवाओं से सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए आगे आने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया।

### प्रभात फेरी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां



**कसडोल।** विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल देवरीकला में स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फराया गया और विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें देशभक्ति के नारों से गांव का वातावरण गूंज उठा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीरों और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रदर्शित किया।

### अमन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह

**खरोरा।** स्थानीय अमन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या अंजलि देवांगन ने की। शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. अमीन खान द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ की गई। प्राचार्या अंजलि देवांगन ने भी अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में बच्चों को देश के जिम्मेदार नागरिक बनने और वीर शहीदों के बलिदान को याद रखने की प्रेरणा दी।



### पलारी में निकाली तिरंगा यात्रा



**पलारी।** स्वतंत्रता दिवस पर माय भारत के तत्वावधान में अमेरा स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत पलारी स्थित आई सेक्ट परिसर से प्रातः 7 बजे हुई। हाथों में तिरंगा झंडा लिए और भारत माता की जय,वंदे मातरम के नारों के साथ 300 से अधिक छात्र-छात्राएं पूरे नगर में मार्च करते हुए निकले। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर देश प्रेम का संदेश दिया। यात्रा मुख्य मार्ग, बस स्टैंड और नगर पंचायत कार्यालय होते हुए शहीद भगत सिंह व शहीद युगल किशोर वर्मा चौक होते हुए रास्ते भर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर उनका उत्साह बढ़ाया।




# शिव विवाह, गणेश और कार्तिकेय जन्म का प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के भैरव बाबा चौक स्थित मंदिर परिसर में महिला समूह एवं नगरवासियों के आयोजन में चल रही सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस भगवान शिव-विवाह, माता पार्वती, भगवान श्री गणेश एवं भगवान कार्तिकेय की दिव्य उत्पत्ति तथा भगवान शिव की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा के प्रारंभ में महाराज ने सती चरित्र, माता पार्वती के जन्म एवं भगवान शिव-विवाह का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने अपने उबटन से भगवान श्री गणेश की रचना कर उन्हें अपने द्वार का रक्षक नियुक्त किया। माता की आज्ञा का पालन करते हुए गणेशजी ने भगवान शिव को भीतर जाने से रोक दिया। इसके बाद भगवान शिव ने गणेशजी का मस्तक अलग कर दिया। माता पार्वती के करुण विलाप पर भगवान शिव ने हाथी के शिशु का मस्तक स्थापित कर गणेशजी को पुनर्जीवित किया और उन्हें प्रथम पूज्य, विघ्नहर्ता एवं बुद्धि के अधिष्ठाता देव होने का वरदान दिया।इसके बाद भगवान कार्तिकेय की दिव्य उत्पत्ति का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि देवताओं की प्रार्थना पर भगवान शिव के तेज से भगवान कार्तिकेय का अवतार हुआ।
























संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.: 9300688639, 7000171605

